>

Title: Need to undertake repair and maintenance of National Highway No. 76 between Allahabad – Chitrakoot, Chitrakoot-Banda, and Banda-Mahoba sections in Uttar Pradesh.

श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा) राष्ट्रीय राजमार्ग–76 जो मिर्जापुर से इलाहाबाद, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी, होकर पाकिस्तान की सीमा के निकट राजस्थन के पिण्डवारा तक जाता है, यह मार्ग इलाहाबाद से चित्रकूट एवं चित्रकूट से बांदा के बीच तथा बांदा से महोबा के बीच पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। इनमें सबसे दयनीय स्थिति चित्रकूट से शिवरामपुर एवं अतर्रा से बांदा मार्ग की है, जहां जगह–जगह पर 3 फीट तक गहरे गड्ढे हैं। मेरे द्वारा पूर्व में भी इस संबंध में कई बार पत्र लिखा गया, किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। बुंदेलखंड के इस पिछड़े क्षेत्र में इस मार्ग के ध्वस्त होने से आवागमन बाधित हो गया है। भगवान राम की तपोस्थली, चित्रकूट एक पर्यटन स्थल भी है, जहां देश–विदेश से पर्यटक आते हैं किन्तु राष्ट्रीय राजमार्ग 76 की दुर्दशा के चलते पर्यटकों का आना भी कम हो रहा है। इस राजमार्ग पर आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे बड़े पैमाने पर जनाक्रोश व्याप्त है। इस मार्ग में इलाहाबाद से चित्रकूट एवं चित्रकूट से बांदा के बीच के हिस्से की मरम्मत तत्काल किया जाना आवश्यक है। साथ ही, इसी क्षेत्र में मार्ग का अपग्रेडेशन (उच्चीकरण) किया जाना भी आवश्यक है।

अतः मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार द्वारा आवश्यक कार्यवाही करके राष्ट्रीय राजमार्ग–76 की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग करता हूं।